# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक /वि.स./स्था./2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / /2026

**//कार्यालय-आदेश//**

आदेशानुसार, षष्ठम् विधान सभा का दशम् सत्र दिनांक 13.07.2026 से दिनांक 17.07.2026 तक आहूत किया गया है। सत्रावधि के दौरान जिस दिन सभा की बैठक होगी, उन दिनों में विधान सभा सचिवालय का कार्यालयीन समय प्रात: 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक रहेगा, किन्तु यदि सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है, तो कार्यालय का समय सभा की बैठक समाप्त होने के एक घण्टे पश्चात् तक रहेगा।

**सत्र के प्रथम दिवस दिनांक 13 जुलाई, 2026 को कार्यालय का समय प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक या कार्य समाप्ति तक रहेगा। शासकीय अवकाश दिवस दिनांक 11 एवं 12 जुलाई को कार्यालयीन समय प्रतिदिन अनुसार प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक रहेगा।**

समस्त अधिकारी/कर्मचारी **उन्हें प्रदायित शर्ट पेंट के साथ जैकेट अथवा नवीन प्रदायित ब्लेजर** में दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय आयेंगे। समस्त वाहन चालक/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी उन्हें प्रदाय किए गए निर्धारित वर्दी, जूते एवं टोपी पहन कर दृष्टव्य रूप से अपना परिचय पत्र लगाकर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

सत्र के दौरान यदि सभा की बैठक निर्धारित समय से अधिक समय तक चलती है तो **विधानसभा परिसर एवं विजेता काम्पलेक्स** जाने वाली बस का प्रस्थान समय कार्यालय समय के 01 घण्टे पश्चात् तथा शेष मार्गो की बस का प्रस्थान समय 30 मिनट पश्चात् रहेगा।

सत्र दिवस में कार्यालय से प्रस्थान संबंधी पूर्व में जारी कार्यालयीन स्थायी आदेश क्रमांक 3513/वि.स./स्था./2026, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 09.03.2026 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

आदेश से,

हस्ता/-

संचालक

छत्तीसगढ़ विधान सभा

③



पृ. क्रमांक 8582/वि.स./स्था./2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 07/07/2026

प्रतिलिपिः-

01. मान. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव को मान. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।

02. मान. नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष सहायक को मान. नेता प्रतिपक्ष महोदय के सूचनार्थ।

03. सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के स्टॉफ ऑफिसर को सचिव महोदय के सूचनार्थ।

04. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ व पालनार्थ।

05. सर्वर कक्ष।

06/07/26

प्रशासकीय अधिकारी

छत्तीसगढ़ विधान सभा